सूखा ग्रस्त

एक बार एक मंत्री पुत्र ने

अपने पिता को देशाटन के लिए उकसाया।

मंत्री जी ने फौरन फोन कर सेक्रेट्री को बुलाया

बोले जरा देखो कहां-कहां बाढ़ आयी है।

और कहां-कहां सूखा पड़ा है

सरकारी दौरे का कार्यक्रम बनायेंगे।

देशाटन का लाभ उठायेगें।।

इतने में पुत्र को जैसे कुछ याद आया।

बोला पिताजी बाढ़ के स्थान दिखवा लीजिए

क्योंकि सूखा तो आपके जाने के बाद आ ही जायेगा।।

मंत्रीवर बोले पर बेटा ऐसा कैसे हो पायेगा

पुत्र बोला वो ऐसे, आपके आने पर होने वाला खर्च

और आपको नजराने के तौर पर देने वाला पैसा

गरीब जनता से ही वसूला जायेगा।

और फिर कागजों पर वह प्रदेश सूखाग्रस्त कहलायेगा।

अंजू चौधरी, शो. सहा.